**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 1870**
**गुरुवार, 31 जुलाई, 2025/9 श्रावण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## परिचालनरत हवाई अड्डे

**1870. डॉ. एम. के. विष्णु प्रसाद:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कुल हवाई अड्डों की संख्या कितनी है और राज्य-वार वर्तमान में परिचालनरत हवाई अड्डों की संख्या कितनी है;

(ख) पिछले पाँच वर्षों के दौरान निर्मित ह्वाई अड्डों का ब्यौरा और इनकी संख्या कितनी है;

(ग) देश में, विशेषकर तमिलनाडु में, राज्य-वार, निर्माण या परिचालन हेतु प्रस्तावित हवाई अड्डों की संख्या कितनी है;

(घ) उड़ान योजना के अंतर्गत तमिलनाडु में नेवेली हवाई अड्डे को चालू करने के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; और

(ङ) चेन्नई हवाई अड्डे के विस्तार और उन्नयन का ब्यौरा क्या है और इसके पूरा होने की अपेक्षित तारीख क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क): वर्तमान में देश में कुल 162 प्रचालनशील हवाईअड्डे मौजूद हैं। प्रचालनशील हवाईअड्डों की राज्य-वार सूची अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

(ख) और (ग): भारत सरकार ने देशभर में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की स्थापना के लिए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा (जीएफए) नीति, 2008 तैयार की है। इस नीति के अनुसार, भारत सरकार ने देश भर में 24 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की स्थापना के लिए 'सैद्धांतिक' मंजूरी प्रदान की है, जिनमें ओडिशा में पुरी, तमिलनाडु में परंदूर, राजस्थान में कोटा, गोवा में मोपा, महाराष्ट्र में नवी मुंबई, शिरडी और सिंधुदुर्ग, कर्नाटक में कलबुरगि, विजयपुरा, हसन और शिवमोग्गा, मध्य प्रदेश में डबरा (ग्वालियर), उत्तर प्रदेश में कुशीनगर और नोएडा (जेवर), गुजरात में धोलेरा और राजकोट (हीरासर), पुदुचेरी में कराईकल, आंध्र प्रदेश में दगदर्थी, भोगापुरम और ओरवाकल (कुर्नूल), पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, सिक्किम में पाक्योंग, केरल में कन्नूर और अरुणाचल प्रदेश में ईटानगर शामिल हैं।

इनमें से अभी तक 12 ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डों को प्रचालनशील किया जा चुका है। जिनमें से सात हवाईअड्डे अर्थात गोवा में मोपा, महाराष्ट्र में सिंधुदुर्ग, कर्नाटक में शिवमोग्गा, उत्तर

प्रदेश में कुशीनगर, गुजरात में राजकोट (हीरासर), आंध्र प्रदेश में ओर्वाकल (कुरनूल) तथा अरुणांचल प्रदेश में ईटानगर (होलोंगी) को पिछले पाँच वर्षों में प्रचालनशील किया गया है।

इसके अतिरिक्त, देश में असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों से क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ावा देने तथा आम जनता के लिए सस्ती हवाई यात्रा उपलब्ध कराने हेतु नागर विमानन मंत्रालय ने दिनांक 21-10-2016 को क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) - 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) शुरू की है।

तमिलनाडु राज्य में, योजना के अंतर्गत आरसीएस उड़ानों के विकास और परिचालन के लिए चार हवाईअड्डों अर्थात् सलेम, वेल्लोर, नेयवेली और तंजौर की पहचान की गई है, जिनमें से सलेम हवाईअड्डे का प्रचालन शुरू हो चुका है।

(घ): तमिलनाडु में नेयवेली हवाईअड्डे के विकास के लिए अभी तक, क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) - उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के अंतर्गत कुल 26.43 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

(ङ): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 2467 करोड़ रुपये की कुल लागत से दो चरणों में चेन्नई हवाईअड्डे का विस्तार और आधुनिकीकरण किया है। चरण-I के अंतर्गत, एक नए एकीकृत टर्मिनल भवन का निर्माण किया गया है, जिससे हवाईअड्डे की यात्री हैंडलिंग क्षमता 23 मिलियन यात्री प्रति वर्ष (एमपीपीए) से बढ़कर 30 एमपीपीए हो गई है। टर्मिनल दिनांक 08.07.2023 से प्रचालनशील है। चरण-II के अंतर्गत टर्मिनल-3 को विकसित किया जाना शामिल है, जिससे हवाईअड्डे की क्षमता 35 एमपीपीए तक बढ़ जाएगी। इस चरण के पूरा होने की अनुमानित तारीख जून, 2026 है।

**अनुलग्नक**

**लोक सभा के दिनांक 31.07.2025 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1870 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

| क्रम सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) | हवाईअड्डा |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप (यूटी) | पोर्ट ब्लेयर |
| 2 | आंध्र प्रदेश | कड़प्पा |
| 3 | आंध्र प्रदेश | कुरनूल |
| 4 | आंध्र प्रदेश | राजमुंदरी |
| 5 | आंध्र प्रदेश | तिरुपति |
| 6 | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 7 | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम |
| 8 | अरुणाचल प्रदेश | डोनी पोलो (ईटानगर) |
| 9 | अरुणाचल प्रदेश | पासीघाट (सी.ई.) |
| 10 | अरुणाचल प्रदेश | तेजू |
| 11 | अरुणाचल प्रदेश | जीरो |
| 12 | असम | डिब्रूगढ़ (मोहनबाड़ी) |
| 13 | असम | गुवाहाटी (एलजीबीआई) |
| 14 | असम | जोरहाट |
| 15 | असम | लीलाबारी (उत्तरी लखीमपुर) |
| 16 | असम | रुपसी |
| 17 | असम | सिलचर |
| 18 | असम | तेजपुर |
| 19 | बिहार | दरभंगा |
| 20 | बिहार | गया |
| 21 | बिहार | पटना |
| 22 | चंडीगढ़ (यूटी) | चंडीगढ़ |
| 23 | छत्तीसगढ | अंबिकापुर |
| 24 | छत्तीसगढ | बिलासपुर |
| 25 | छत्तीसगढ | जगदलपुर |
| 26 | छत्तीसगढ | रायपुर |
| 27 | दमण और दीव (यूटी) | दीव |
| 28 | दिल्ली (यूटी) | दिल्ली, आईजीआई हवाई अड्डा |
| 29 | दिल्ली (यूटी) | सफदरजंग |
| 30 | गोवा | गोवा |
| 31 | गोवा | मोपा |
| 32 | गुजरात | अहमदाबाद (एसवीबीपीआई) |
| 33 | गुजरात | भावनगर |
| 34 | गुजरात | भुज |
| 35 | गुजरात | जामनगर |
| 36 | गुजरात | कांडला |
| 37 | गुजरात | केशोद (जूनागढ़) |
| 38 | गुजरात | मुंद्रा |
| 39 | गुजरात | पोरबंदर |
| 40 | गुजरात | राजकोट (हीरासर) |
| 41 | गुजरात | साबरमती रिवर फ्रंट (डब्ल्यूए) |
| 42 | गुजरात | स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (डब्ल्यूए) |
| 43 | गुजरात | सूरत |

| | | |
|---|---|---|
| 44 | गुजरात | वडोदरा |
| 45 | हरियाणा | हिसार |
| 46 | हिमाचल प्रदेश | कांगड़ा (गग्गल) |
| 47 | हिमाचल प्रदेश | कुल्लू मनाली (भुंतर) |
| 48 | हिमाचल प्रदेश | मंडी (एच) |
| 49 | हिमाचल प्रदेश | रामपुर (एच) |
| 50 | हिमाचल प्रदेश | शिमला |
| 51 | जम्मू और कश्मीर (यूटी) | जम्मू |
| 52 | जम्मू और कश्मीर (यूटी) | श्रीनगर |
| 53 | झारखंड | देवघर |
| 54 | झारखंड | जमशेदपुर |
| 55 | झारखंड | रांची |
| 56 | कर्नाटक | बेलगॉवी |
| 57 | कर्नाटक | बेंगलुरु (बीआईएएल) |
| 58 | कर्नाटक | बेंगलुरु (एचएएल) |
| 59 | कर्नाटक | बीदर |
| 60 | कर्नाटक | हुबली |
| 61 | कर्नाटक | जिंदल विजयनगर |
| 62 | कर्नाटक | कलबुरगि |
| 63 | कर्नाटक | मंगलुरु |
| 64 | कर्नाटक | मैसूर |
| 65 | कर्नाटक | शिवमोग्गा |
| 66 | केरल | कालीकट |
| 67 | केरल | कोचीन (सीआईएएल) |
| 68 | केरल | कन्नूर (किआल) |
| 69 | केरल | तिरुवनंतपुरम |
| 70 | लद्दाख (यूटी) | लेह |
| 71 | लक्षद्वीप (यूटी) | अगाति |
| 72 | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 73 | मध्य प्रदेश | दतिया |
| 74 | मध्य प्रदेश | ग्वालियर |
| 75 | मध्य प्रदेश | इंदौर |
| 76 | मध्य प्रदेश | जबलपुर |
| 77 | मध्य प्रदेश | खजुराहो |
| 78 | मध्य प्रदेश | रीवा |
| 79 | मध्य प्रदेश | सतना |
| 80 | महाराष्ट्र | अकोला |
| 81 | महाराष्ट्र | अमरावती |
| 82 | महाराष्ट्र | औरंगाबाद |
| 83 | महाराष्ट्र | गोंदिया |
| 84 | महाराष्ट्र | जलगॉव |
| 85 | महाराष्ट्र | जुहू |
| 86 | महाराष्ट्र | कोल्हापुर |
| 87 | महाराष्ट्र | मुंबई, सीएसएमआई हवाईअड्डा |
| 88 | महाराष्ट्र | नागपुर |
| 89 | महाराष्ट्र | नांदेड़ |
| 90 | महाराष्ट्र | नासिक (हाल ओज़र) |
| 91 | महाराष्ट्र | पुणे |
| 92 | महाराष्ट्र | शिरडी |

| | | |
|---|---|---|
| 93 | महाराष्ट्र | सिंधुदुर्ग |
| 94 | महाराष्ट्र | सोलापुर |
| 95 | मणिपुर | इम्फाल |
| 96 | मणिपुर | जिरीबाम (एच) |
| 97 | मणिपुर | तामेंगलोंग (एच) |
| 98 | मेघालय | बारापानी (शिलांग) |
| 99 | मिजोरम | लेंगपुई (आइजोल) |
| 100 | नागालैंड | दीमापुर |
| 101 | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 102 | ओडिशा | जेयपोर |
| 103 | ओडिशा | झारसुगुडा |
| 104 | ओडिशा | राउरकेला |
| 105 | ओडिशा | उत्केला |
| 106 | पुडुचेरी (यूटी) | पुदुचेरी |
| 107 | पंजाब | आदमपुर (जालंधर) |
| 108 | पंजाब | अमृतसर |
| 109 | पंजाब | भटिंडा |
| 110 | पंजाब | लुधियाना |
| 111 | पंजाब | पठानकोट |
| 112 | राजस्थान | बीकानेर |
| 113 | राजस्थान | जयपुर |
| 114 | राजस्थान | जैसलमेर |
| 115 | राजस्थान | जोधपुर |
| 116 | राजस्थान | किशनगढ़ |
| 117 | राजस्थान | कोटा |
| 118 | राजस्थान | उदयपुर |
| 119 | सिक्किम | पाक्योंग |
| 120 | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 121 | तमिलनाडु | कोयंबटूर |
| 122 | तमिलनाडु | मदुरै |
| 123 | तमिलनाडु | सलेम |
| 124 | तमिलनाडु | तिरुचिरापल्ली |
| 125 | तमिलनाडु | तूतीकोरिन |
| 126 | तेलंगाना | हैदराबाद (बेगमपेट) |
| 127 | तेलंगाना | हैदराबाद (जीएचआईएएल) |
| 128 | त्रिपुरा | अगरतला |
| 129 | उत्तर प्रदेश | आगरा |
| 130 | उत्तर प्रदेश | अलीगढ़ |
| 131 | उत्तर प्रदेश | अयोध्या |
| 132 | उत्तर प्रदेश | आजमगढ़ |
| 133 | उत्तर प्रदेश | बरेली |
| 134 | उत्तर प्रदेश | चित्रकूट |
| 135 | उत्तर प्रदेश | गोरखपुर |
| 136 | उत्तर प्रदेश | हिंडन |
| 137 | उत्तर प्रदेश | कानपुर (चकेरी) |
| 138 | उत्तर प्रदेश | कानपुर (सिविल) |
| 139 | उत्तर प्रदेश | कुशीनगर |
| 140 | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 141 | उत्तर प्रदेश | मेरठ |

| | | |
|---|---|---|
| 142 | उत्तर प्रदेश | मुरादाबाद |
| 143 | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज |
| 144 | उत्तर प्रदेश | श्रावस्ती |
| 145 | उत्तर प्रदेश | वाराणसी |
| 146 | उत्तराखंड | अल्मोड़ा (एच) |
| 147 | उत्तराखंड | चंपावत (एच) |
| 148 | उत्तराखंड | चिन्यालीसौंण (एच) |
| 149 | उत्तराखंड | देहरादून |
| 150 | उत्तराखंड | गौचर (एच) |
| 151 | उत्तराखंड | हल्द्वानी (एच) |
| 152 | उत्तराखंड | मुनस्यारी (एच) |
| 153 | उत्तराखंड | नई टिहरी (एच) |
| 154 | उत्तराखंड | पंतनगर |
| 155 | उत्तराखंड | पिथौरागढ़ |
| 156 | उत्तराखंड | सहस्त्रधारा (एच) |
| 157 | उत्तराखंड | श्रीनगर (एच) |
| 158 | पश्चिम बंगाल | बागडोगरा |
| 159 | पश्चिम बंगाल | बेहाला |
| 160 | पश्चिम बंगाल | कूच बिहार |
| 161 | पश्चिम बंगाल | दुर्गापुर |
| 162 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता (एनएससीबीआई) |
| | | |
| नोट: सीई= सिविल एन्क्लेव, एच= हेलीपोर्ट, डब्ल्यूए= वाटर एयरोड्रोम | | |

******